Title: Speaker made Valedictory Reference on the conclusion of 11th session of 17th Lok Sabha.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, अब हम सत्रहवीं लोक सभा के ग्यारहवें सत्र की समाप्ति की ओर आ गए हैं, जो 31 जनवरी, 2023 को आरम्भ हुआ था।

? (व्यवधान)

11.01 hrs

At this stage, Sushri S. Jothimani, Dr. Thol Thirumaavalavan, Dr. Kalanidhi Veeraswamy and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : इस सत्र के दौरान हमने 25 बैठकें कीं, जो लगभग 45 घंटे 55 मिनट तक चलीं। माननीय राष्ट्रपति जी ने 31 जनवरी, 2023 को एक साथ समवेत दोनों सभाओं के सदस्यों के समक्ष अभिभाषण प्रस्तुत किया। माननीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा 13 घंटे 44 मिनट तक चली और इस चर्चा में 143 सदस्यों ने भाग लिया।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : चर्चा के अंत में, माननीय प्रधान मंत्री ने वाद-विवाद का उत्तर दिया। सभा ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव को स्वीकार किया। माननीय वित्त मंत्री द्वारा केंद्रीय बजट 1 फरवरी, 2023 को प्रस्तुत किया गया। केंद्रीय बजट 2023-24 पर सामान्य चर्चा 14 घंटे 45 मिनट तक चली। वाद-विवाद में 145 सदस्यों ने भाग लिया और वित्त मंत्री ने चर्चा का उत्तर दिया।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों की वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अनुदानों की मांगों को सभा द्वारा दिनांक 23 मार्च, 2023 को स्वीकृत किया गया तथा संबंधित विनियोग विधेयक को पारित किया गया। उसके उपरांत सभा द्वारा वित्त विधेयक पारित किया गया।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : इस सत्र के दौरान, 8 सरकारी विधेयक पुर:स्थापित किए गए तथा 6 विधेयक पारित किए गए। सत्र

के दौरान 29 तारांकित प्रश्नों का मौखिक उत्तर दिया गया। प्रश्न काल के बाद सदस्यों द्वारा अविलंबनीय लोक महत्व के कुल 133 मामले उठाए गए तथा नियम 377 के अधीन कुल 436 मामले लिए गए।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : लोक सभा की विभागों से संबद्ध स्थायी समितियों ने 62 प्रतिवेदन प्रस्तुत किए। सत्र में निदेश 73A के अधीन 14 और संसदीय कार्य मंत्री द्वारा संसदीय कामकाज के संबंध में दिए गए तीन वक्तव्यों सहित 23 वक्तव्य दिए गए। सत्र के दौरान 2799 पत्र सभा पटल पर रखे गए।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैं सभा की कार्यवाही को पूरा करने में सभापति तालिका में शामिल अपने माननीय साथियों को उनका योगदान देने के लिए धन्यवाद देता हूं।

मैं माननीय प्रधान मंत्री, संसदीय कार्य मंत्रियों, विभिन्न दलों के नेताओं और माननीय सदस्यों द्वारा दिए गए सहयोग के लिए उनका अत्यधिक आभारी हूं। मैं आप सभी की ओर से प्रेस और मीडिया के मित्रों का भी धन्यवाद करता हूं।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, सदन में जिस तरीके की गरिमा रहनी चाहिए और जो आपका आचरण-व्यवहार है, वह संसद के लिए और देश के लिए हितकारी नहीं है। सदन की उच्च कोटि की मर्यादा रही है, लेकिन आपका आचरण-व्यवहार ठीक नहीं है।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : सदन चर्चा और संवाद के लिए है। मैं हर विषय पर चर्चा और संवाद कराना चाहता हूं। आप वेल में आ रहे हैं। मैं आपसे फिर आग्रह कर रहा हूं कि इस तरीके से सदन की गरिमा को गिराना कतई उचित नहीं है। मैंने हमेशा आपको पर्याप्त समय, पर्याप्त अवसर दिया है। देर रात्रि तक सदन चला है, लेकिन आपका व्यवहार सदन के लिए और देश की लोकतांत्रिक मर्यादाओं के लिए उचित नहीं है।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैं सभा को प्रदान की गई समर्पित और त्वरित सेवाओं के लिए लोक सभा सचिवालय के महासचिव और अधिकारियों तथा कर्मचारियों की सराहना करता हूं। मैं सभा की कार्यवाही के संचालन में संबद्ध एजेंसियों को भी उनके द्वारा प्रदान की गई महत्वपूर्ण सहायता के लिए धन्यवाद देता हूं।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, यह सदन उच्च कोटि की मर्यादाओं का सदन रहा है। आप किसी विषय पर चर्चा नहीं करना चाहते, मुद्दों पर चर्चा नहीं करना चाहते, सदन की कार्यवाही में व्यवधान डालते हैं, बाधित करते हैं, नियोजित तरीके से बाधित करते हैं, यह उचित नहीं है।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : अब मैं माननीय सदस्यों से आग्रह करूंगा कि वे ?वन्दे मातरम्? की धुन के लिए अपने स्थानों पर खड़े हों।

____

11.06 hrs

National Song

The National Song was played.

माननीय अध्यक्ष : सभा की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित की जाती है।

11.07 hrs

The Lok Sabha then adjourned sine die.

____

INTERNET

The Original Version of Lok Sabha proceedings is available on Parliament of India Website and Lok Sabha Website at the following addresses:

http://www.parliamentofindia.nic.in

http://www.loksabha.nic.in

LIVE TELECAST OF PROCEEDINGS OF LOK SABHA

Lok Sabha proceedings are being telecast live on Sansad T.V. Channel. Live telecast begins at 11 A.M. everyday the Lok Sabha sits, till the adjournment of the House.

Published under Rules 379 and 382 of the Rules of Procedure and Conduct of Business

in Lok Sabha (Sixteenth Edition)